# चोरों ने सूने मकान को बनाया निशाना, जेवर-नकदी पर हाथ साफ किया

**अजमेर,** (कासं)। अजमरे के दो थाना क्षेत्रों में चोरी की वारदात सामने आई है। क्रिश्चियनगंज थाना क्षेत्र के वैशाली नगर स्थित एक सूने मकान में चोरी की वारदात सामने आई है। चोर मकान से जेवरात व नकदी चुरा ले गए। पीड़ित ने चोरों के खिलाफ क्रिश्चियनगंज थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। वहीं रामगंज थाना क्षेत्र चंदबरदाई नगर में एक निर्माणाधीन मकान की साइड से सरिया चोरी होने की घटना सामने आई है। एक ही दिन में दो अलग-अलग साइड से लाखों का सरिया चोरी होने पर पीड़ित रामगंज थाने में दर्ज मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

अजमेर के क्रिश्चियन गंज थाना क्षेत्र स्थित वैशाली नगर पानी की टंकी के पास जनता कॉलोनी में किराए के मकान में रह रहे सुरेशचंद पुत्र रूपाराम जाट ने बताया कि वह रोडवेज में कंडक्टर है और 17 मई को घरेलू काम से वह अपने गांव लाडवा रियाबडी (नागौर) परिवार सहित गया हुआ था। रविवार को चार दिन बाद जब वापस पहुंचा तो मुख्य द्वार पर लोहे के गेट के तो ताला लगा हुआ है लेकिन अन्दर मकान के अन्य ताले टूटे हुए है और सारा सामान कमरों में बिखरा पड़ा है।



पीड़ित ने चोरों द्वारा की गई वारदात के बारे में बताया।

सुरेशचंद ने इसकी सूचना क्रिश्चियनगंज थाना पुलिस को दी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना किया। पीड़ित सुरेशचंद ने अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है, जिसमें बताया कि चोरी उसके सूने मकान से एक जोड़ी चांदी की पायजेब (200 ग्रमा), एक जोडी (125 ग्राम), बिछिया जोडी 5 नग, तीन चांदी के सिक्के, दो नाक का काटा सोने के, एक जोड़ी सोने के कान के टोप्स (5 ग्राम) और करीब बीस से पच्चीस हजार की नकदी चुरा ले गए।

पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच एएसआई नाथुलाल को सौंपी। चोरों द्वारा सूने मकान सहित शहर के मंदिरों को निशाना बनाया जा रहा है। क्लॉक टावर थाना क्षेत्र स्थित पहाडगंज राजेंद्र स्कूल मयानी अस्पताल के पास शनि मंदिर और भैरव मंदिर से अज्ञात चोरों ने दान

- निर्माणाधीन मकान की साइड से लाखों का सरिया चोरी, मंदिर के दानपात्र से चुराई नकदी
- पीड़ितों ने चोरों के खिलाफ कराए मुकदमे दर्ज

पात्र को तोडकर लगभग पांच हजार रुपये की दान राशि चुराई। क्षेत्रवासियों कमलेश कुमार खींची ने बताया कि विगत दिनों पूर्व भी इसी मंदिर के बरामदे में एक खानाबदोश महिला का कतू भी हो चुका है। उसके कुछ दिनों बाद मंदिर के दानपात्र तोड़ कर अज्ञात बदमाशों ने दान राशि चुराई थी और अब एक बार फिर से दानपात्र तोड़ कर लगभग 5 हजार रुपये की नकदी चोर चुरा ले गए। मामले की सूचना क्लॉक टावर थाना पुलिस को दी गई, पुलिस ने मौका मुआयना किया। वहीं पुलिस को सीसीटीवी फुटेज भी सौंपे पर गए हैं जिसमें एक व्यक्ति सरिये से दान पात्र को तोडकर नगदी चुराता हुआ नजर आ रहा है। पुलिस ने आश्वस्त किया कि जल्द ही चोर को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# 'मूक पशु-पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था पुनीत कार्य'



राजस्थान पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष राज्य मंत्री धर्मेंद्र राठौड़ ने 200 से अधिक परिंडे बांटे।

**अजमेर,** (कासं)। राजस्थान पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष राज्य मंत्री धर्मेंद्र राठौड़ ने कहा कि मूक पशु पक्षियों के लिए जल की व्यवस्था से एक पुनीत कार्य है इससे बड़ा कोई पुनीत कार्य नहीं है।

निगम अध्यक्ष राठौड़ पुष्कर रोड पर विशाल परिंडा वितरण समारोह में औपचारिक बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विशाल भीषण गर्मी तेज लू और चिलचिलाती धूप में पशु पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था करना हर आम आदमी का नैतिक कर्तव्य है। पानी के अभाव में पशु पक्षी तड़प तड़प कर जान दे देते हैं। हमारी सनातन संस्कृति के अनुसार हर पशु पक्षी पर दया एवं उदारता बरतनी चाहिए।

कार्यक्रम के संयोजक मनोनीत पार्षद ने बताया कि परिंदों को भीषण गर्मी से राहत देने के लिए रविवार को पुष्कर रोड पर 200 से अधिक परिंदों का वितरण किया गया एवं आम नागरिकों को परिंडा वितरण के समय मूक पशु पक्षियों के लिए जल उपलब्ध कराने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर अजमेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के शिव कुमार बंसल, विजय नागोरा, कैलाश जालीवाल, महेंद्र जोधा, सुमेर सिंह शेखावत, ओम प्रकाश मंडरावलिया, मनीष सेन, मुकेश सबलानिया, शब्बीर चीता महेंद्र सिंह, राजकुमार कलवानी, नुर आलम खान, पुनीत साखला, छोटू सिंह रावत सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# भूमि समर्पण हेतु सहयोग जारी

**नागौर,** (निसं)। संत शिरोमणि श्री लिखमीदास स्मारक विकास संस्थान अमरपुरा, नागौर के निमित्त भूमि निधि समर्पण निधि देने का कार्यक्रम उत्साह व उमंग के साथ लगातार जारी है। भामाशाह द्वारा लगातार सहयोग किया जा रहा है। इसी श्रंखला में मारवाड जंक्शन जिला पाली में आयोजित संत शिरोमणि लिखमीदास महाराज के मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में भामाशाह चतराराम गहलोत द्वारा एक बीघा जमीन के लिए राशि देने की घोषणा की गई।

इस अवसर पर सीकर के सांसद सुमेधानंद सरस्वती तथा संस्थान अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद राजेंद्र गहलोत भी उपस्थित थे। इस अवसर पर संस्थान के महासचिव राधा किशन तंवर भी उपस्थित थे। इसी प्रकार से नागौर में भी चतर सिंह, पुखराज,धनाराम सांखला, सह सचिव हरीश चंद्र देवडा, पापलाल जगदीश कच्छावा, हिरालाल, भूर सिंह परिहार, धनेश सांखला, बलदेव कच्छावा, टीकम चंद कच्छावा, रामस्वरूप कच्छावा ने आर्थिक सहयोग प्रदान किया। इस अभियान में कृपाराम गहलोत कार्यकारिणी सदस्य धर्मेंद्र सोलंकी, राम कुमार सोलंकी, कोषाध्यक्ष कमल भाटी , राधा किशन तंवर के द्वारा इस संपर्क अभियान में सहभागिता दी गई।

# युवक ने लगाई फांसी, मौत

**भीलवाडा,** (निसं)। शहर के सदर थाना क्षेत्र के ईरांस गांव में बीती रात गुजरात के रहने वाले कोल्ड ड्रिंक फैक्ट्री संचालक के बेटे ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सदर थाना पुलिस ने बताया कि राजकोट गुजरात निवासी दशाचंद्र सिंह विगत 20 साल से परिवार सहित यहां ईरांस में रह रहे हैं। सिंह यहां कोल्डड्रिंक फैक्ट्री चलाते हैं। यहीं इनका निवास भी है। सिंह, पत्नी सहित कल बाजार गये हुए थे। घर पर उनका 20 वर्षीय बेटा दिग्विजय सिंह अकेला था। इस दौरान दुधिया दुग्ध देने सिंह के घर पहुंचा। उसने दुग्ध के लिए शटर बजाया, लेकिन कोई दूध लेने मकान से बाहर नहीं आया। इस पर दुधिये ने दशाचंद्र सिंह को फोन कर इस बारे में बताया। पिता ने बेटे दिग्विजय को फोन किया, लेकिन उसने कॉल रिसीव नहीं की। बाद में सिंह व उनकी पत्नी घर लौटे तो उन्हें बेटा दिग्विजय रस्से के फंदे पर झूलता मिला। उसे उतारकर एमजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया। दिग्विजय नीट की तैयारी कर रहा था। अभी यह पता नहीं चल पाया कि उसने किन कारणों के चलते उसने यह कदम उठाया। पुलिस ने रविवार को पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप मामले की जांच शुरू की है।

# नामदेव भगवान की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर चर्चा

**पुष्कर,** (निसं)। अखिल मारवाड़ी भारतवर्षीय दर्जीयान ट्रस्ट के तत्वाधान में रविवार को पुष्कर नामदेव भवन में सर्व समाज की आम बैठक पुष्कर ट्रस्ट अध्यक्ष नवरतनमल तोलम्बिया की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक के मुख्य अतिथि पूर्व ट्रस्ट अध्यक्ष रघुनाथ सीकरवाल, रामगोपाल बरणीया व रामगोपाल तोलम्बिया व विशिष्ठ अतिथि गुलाब चंद रुणवाल व रामलाल रुणवाल व ईश्वर चंद उठवॉल व हरीशंकर सारण थे। ट्रस्ट अध्यक्ष नवरतनमल टॉक ने बताया कि 6 से 8 मई को पुष्कर में आयोजित नामदेव भगवान की नवनिर्मित मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर चर्चा की गई तथा आयोजन को सफल बनाने वाले कार्यकर्ता तथा भामाशाह का सम्मान मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। वहीं 8 मई को कार्यक्रम स्थल के बाहर हुवे विवाद को लेकर चर्चा की गई तथा दोनों पक्ष के तर्क वितर्क सुने गए तथा आगामी एक महिने ट्रस्ट की बैठक आयोजित कर उनके खिलाफ कार्यवाही की जायेगी।



मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर चर्चा कर आयोजन को सफल बनाने वाले कार्यकर्ता तथा भामाशाह को मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

टॉक ने बताया कि समाज का विकास समाज के साथ ही किया जा सकता है। समाज से ही ट्रस्ट का निर्माण होता है, समाज का उत्थान समाज के नागरिकों के सहयोग से ही किया जा सकता है। इस अवसर पर

- आयोजन को सफल बनाने वाले कार्यकर्ता तथा भामाशाह का मोमेंटो देकर सम्मान
- भारतवर्षीय दर्जीयान ट्रस्ट की बैठक

भूपेश कुमार ठाडा, हंसराज लोढ़ा, हरिनारायण सारण, उम्मेद मल टेलर, नेमीचंद भाटी, रघुनाथ नेरिया, जगदिश जासल, रामवतार टेलर, प्रकाश सारण, तिलोक नेरिया, जीवराज नेरिया, जगदिश बुला, सुखदेव नेरिया, सत्यनारायन पवार, भगवती लाल टेलर, रमेश चंद झांकल, गोरी शंकर मोयल, जगदिश नागर, दामोदर रुणवाल, कमल खत्ती, देवीलाल तोलम्बिया, रामकिशोर तोलम्बिया, दिनेश उठवाल आदि समाज के नागरिक मौजूद थे तथा मंच सचालन भूपेश कुमार ठाडा ने किया।

# पूर्व प्रांतपाल गणों का सम्मान समारोह

**अजमेर,** (कासं)। किसी भी संस्था को सुचारू एवं व्यवस्थित रूप से चलाने के लिए वर्तमान परिप्रेक्ष्य में पूर्व पदाधिकारियों का अनुभव व सलाह कारगर साबित होती है। संस्था की आगे की रणनीति व योजना में उनके अनुभव व राय से ओर अधिक अच्छे ढंग से कार्य कर सकते है।

उक्त उदगार पूर्व प्रान्तपाल लायन ओ एल दवे ने लायंस कूब अजमेर पृथ्वीराज द्वारा आयोजित पूर्व प्रान्तपाल गणों के सम्मान समारोह में कहे। प्रान्तीय पीआरओ लायन राजेन्द्र गांधी ने बताया कि अजमेर कूब के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में लायंस कूब के पूर्व प्रान्तपाल लायन मणिलाल गर्ग, लायन ओमकार लाल दवे, लायन सतीश बंसल का दुपट्टा पहना कर श्रीफल एवम स्मृति चिन्ह देकर समानित किया गया। इससे पूर्व अतिथियों ने लायंस कूब के जनक मेलविन जोन्स की तस्वीर पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। संभाग 2 की क्षेत्रीय अध्यक्ष लायन आभा गांधी भी मंचासीन थी। कूब अध्यक्ष लायन नीरज दोसी ने स्वागत भाषण दिया।

कूब सचिव लायन राजेश बोहरा ने सचिवीय परिवेदन पढ़ा। कोषाध्यक्ष लायन त्रिलोक गोयल ने आय व्यय का ब्यौरा पेश किया। ध्वज वंदना लायन ज्योति दोसी ने पढ़ी। आभार लायन रमेश लखोटिया ने किया। इस अवसर पर लायन विनय गुप्ता, लायन सुनील शर्मा, लायन मोहन गुप्ता, लायन राजेन्द्र गांधी, लायन सीमा शर्मा, लायन रीना बोहरा, लायन शशि गुप्ता सहित अन्य उपस्थित थे।

# जैव विविधता दिवस पर संवाद व श्रमदान

**उदयपुर,** (कासं)। झील प्रेमियों ने रविवार को जैव विविधता दिवस पर संवाद व श्रमदान का आयोजन किया।

संवाद मे पर्यावरणविद डॉ अनिल मेहता ने कहा कि जब तक जल, जलाशय, जंगल, जमीन, जानवर को संसाधन माना जाता रहेगा, जैव विविधता संकट में रहेगी। मेहता ने कहा कि पेड, पानी, पहाड , मिट्टी कोई संसाधन नही है। ये जीवन स्त्रोत है। इन्हे संसाधन मानना छोड जीवन स्त्रोत स्वीकार करना होगा, और उसी अनुरूप व्यहवार करना होगा। तभी हम सभी का और समस्त जीव जगत का वर्तमान और भविष्य सुरक्षित रह सकेगा।

झील विकास प्राधिकरण के पूर्व सदस्य तेज शंकर पालीवाल ने कहा कि जंगलों के कटने, आग लगने जैसे कारणों से जैव विविधता को खतरा उत्पन्न हुआ है। इससे जीवो का भोजन चक्र प्रभावित हुआ है। जैव विविधता की रक्षा के लिए हमें हमारे जंगलों और जलाशयो को बचाना होगा।

गांधी मानव कल्याण सोसाइटी के नंद किशोर शर्मा ने कहा कि शहरों मे सर्वत्र डामारिकरण व कंक्रीट की सरंचनाओं से कच्ची जमीन ही नहीं बची है। इससे हरीतिमा खत्म हो रही है व शहर पक्षी विहीन होते जा रहे हैं। यह घटती जैव विविधता दुःखद भविष्य का संकेत ह पर्यावरण हितैषी प्राची शर्मा ने कहा कि प्रकृति की सुंदरता और पर्यावरण संरक्षण के लिए जैव विविधता को संजो कर रखना बहुत आवश्यक है। मानव और जीव जगत का भविष्य इसी पर निर्भर है।

इस अवसर पर पिछोला `क हनुमान घाट पर झीलप्रेमियों ने श्रमदान कर झील क्षेत्र से तैरती हुई पॉलीथिन, प्लास्टिक पाउच, थैलियों में बंधी सड़ी गली खाद्य सामग्री, शराब पानी की बोतलें व खरपतवार को हटाया गया। श्रमदान में प्राची शर्मा, दिव्या नागर, अहाना दवे, ध्रुपद सिंह, कुशल रावल, तेजशंकर पालीवाल , नन्द किशोर शर्मा ने भाग लिया।

# स्वराज गौरव यात्रा बाइक रैली के साथ कुंभलगढ़ पहुंची

**उदयपुर,** (कासं)। प्रताप गौरव केन्द्र की ओर से निकाली जा रही स्वराज गौरव यात्रा के दौरान महाराणा प्रताप के जयकारों एवं गीतों की चहुंओर ओर गूंज रही, जिस जिस मार्ग से स्वराज गौरव यात्रा गुजरी, जगह - जगह स्वागत सत्कार के कार्यक्रम होने के साथ ही सभा के आयोजन भी सम्पन्न हुए जिसमें स्वराज के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने एवं 2 जून को महाराणा प्रताप जयंती पर प्रताप गौरव केन्द्र में सायं 6 बजे होने वाले महाराणा प्रताप जयन्ती समारोह में आने का निमंत्रण दिया गया। अनुराग सक्सेना ने बताया कि शनिवार सायं स्वराज गौरव यात्रा को प्रताप चौराहा कुंभलगढ से बाइक रेली के साथ केलवाड़ा शीतला माता पार्क लाया गया जहां रथ का स्वागत किया गया। रथ कुंभलगढ दुर्ग में गया। वहाँ से बाईक रैली के साथ रथ को केलवाड़ा लेकर आये जहां कार्यकर्ताओं ने रथ पर महाराणा प्रताप के स्टैच्यू पर पुष्प अर्पित कर आरती की।

# भीलवाड़ा में टॉवर पर चढ़ा मानसिक विक्षिप्त युवक

**भीलवाडा,** (निसं)। शहर के सदर थाना क्षेत्र में एक युवक भरी दोपहरी मोबाइल टावर पर चढ गया। पुलिस ने आधा घंटे की समझाइश के बाद उसे जैसे तैसे नीचे उतारा और शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया। वहीं पुलिस का कहना है कि युवक की दीमागी हालत ठीक नहीं है। सदर थाना पुलिस के अनुसार रविवार दोपहर करीब 1.30 बजे सुवाणा पंचायत समिति के नजदीक स्थित मोबाइल टावर पर एक युवक चढ गया। जैसे-जैसे युवक के टावर पर चढ़ने की खबर फैली, वैसे-वैसे लोगों की भीड भी मौके पर जमा हो गई। युवक टावर पर चढने के बाद वीरुगिरी करता दिखाई दिया। यह देखकर लोग सकते में आ गये। इस बीच, पुलिस को भी सूचना दी गई। सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और हालात से उच्चाधिकारियों को अवगत कराने के साथ ही समझाइश के प्रयास शुरू किए। डीएसपी सदर रामचंद्र चौधरी सूचना पाकर मौके पर पहुंचे और अथक प्रयास के बाद युवक को टावर से उतर लिया गया। पुलिस जीप में इसे थाने ले जाकर पूछताछ की गई तो युवक ने खुद को बडलियास थाने के अडसीपुरा हाल ईरांस निवासी प्रकाश (22) पुत्र श्यामलाल तेली होना बताया। पुलिस का कहना है की उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। प्रकाश को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया।


**आम सूचना**

मेरी सास श्रीमती भूली पत्नी श्री चन्द्रा जाति जाट निवासी ग्राम तिलोनिया तहसील किशनगढ़ जिला अजमेर राजस्थान का स्वर्गवास दिनांक 10.03.1998 को हो गया है, जिनका मृत्यु प्रमाण पत्र पूर्व मै नहीं बनवाया गया है, अतः जिस किसी भी व्यक्ति को इस बाबत कोई उजर, एतराज अथवा आपत्ति हो तो तहसीलदार, किशनगढ़ में मय दस्तावेज 7 दिवस के भीतर संपर्क करे।

भवदीय सरजू पत्नी स्व. चोथू



कार्यालय नगर परिषद,
Email-npmakrana@gmail.com
क्रमांक :- नपम/भूमि/2022-23/ 911 लोक



**आम सूचना**

मेरा एक प्लॉट खसरा नम्बर 256 में स्थित मालियों की ढ़ाणी, चमडाघर, मदनगंज किशनगढ़ में है। इस प्लॉट का बेचाननामा सन 1996 में जगदीश पुत्र किस्तूर माली ने मेरे नाम किया था। वो बेचाननामा पट्टे की फ़ाइल लगाने के दौरान घर के आस पास गुम हो गया है। अतः निवेदन है कि उक्त बेचाननामा प्रपत्र मिलने पर प्रार्थी की पास पहुंचाने की कृपा करावे।

प्रार्थी :- दुर्गेश देवी उर्फ़ दुर्गा देवी पत्नी गोविंद सिंह जाति रावणा राजपूत निवासी मालियों की ढ़ाणी, चमडाघर, मदनगंज किशनगढ़, मो. 9001014538


# तैराकी प्रतियोगिता आयोजित

**उदयपुर,** (कासं)।15 वीं दायजी जोध सिंह जिला स्तरीय दो दिवसीय तैराकी प्रतियोगित रविवार को सम्पन्न हुई। जिला तैराकी संघ के सचिव प्रदीप आमेटा ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्घाटन विनोद सनाढय एवं ललित सिंह झाला खेल अधिकारी खेलगांव द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में 88 बालक-बालिकाओं ने भाग लिया। विजेत तैराक 1 जून से पांच जून तक जयपुर में आयोजित राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में भाग लेंगे। समापन समारोह के मुख्य अतिथि शकील हुसैन जिला खेल अधिकारी तथा चन्द्रगुप्त सिंह चौहान सचिव राज्य तैराकी संघ द्वारा किया गया। विजेताओं को पुरस्कृत महेश पालीवाल ने किया।

# जैव विविधता के महत्व को बताया

**नागौर,** (निसं)। अन्तर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस सेन्ट जिवियर्स स्कूल में रविवार को उपवन संरक्षक ज्ञानचन्द मकवाना के निर्देशानुसार पदमश्री हिम्मताराम भाम्बू की अध्यक्षता में मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल परिसर में छायादार पौधे लगाये गये। पद्मश्री भांबू ने बताया कि पृथ्वी के संरक्षण के लिए जैव विविधता को बनाए रखना आवश्यक है।

इसलिए वन एवं वन्य जीवों को बचाने व अधिक से अधिक से पौधे लगाना जरूरी है। इस अवसर पर सेन्ट जिवियर्स स्कूल के संचालक शैतानराम चांगल व रेंजर नागौर देशराज ने जैव विविधता के महत्व को समझाया तथा स्कूली बच्चो के लिए जैव विविधता से संबंधित निबन्ध प्रतियोगिता आयोजित की गयी। जिसमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरूस्कृत किया गया।

# अजमेर के ऊंटड़ा में 60 जोड़ों का सामूहिक निकाह

**अजमेर,** (कासं)। ऊंटड़ा गांव में शैक्षिक और सामाजिक संस्था इदारा दावतुल हक संस्था की ओर से 60 जोड़ों का सामूहिक निकाह समारोह रविवार को हुआ।

संस्था के प्रमुख मौलाना अयूब कासमी ने बताया कि प्रतिवर्ष ऐसे प्रोग्राम का आयोजन किया जाता रहा है। निकाह में दूल्हा-दुल्हन को घरेलू सामान भी संस्था की ओर से दिया गया। दोनों पक्षों के रिश्तेदारों को भोजन भी संस्था की ओर से निःशुल्क करवाया जाता है। सामूहिक निकाह का उद्देश्य मुस्लिम समाज में गरीब वर्ग के लोगों के निकाह अच्छे तरीके से करवाने का है। इससे समाज में फिजूलखर्ची भी रुकती है। इस मौके पर पूर्व शिक्षा राज्यमंत्री नसीम अख्तर, मौलाना हुजेब बस्तानी, खादिमों की संस्था अंजुमन शेखजादगान के पूर्व अध्यक्ष अब्दुल जर्रार चिश्ती, डीएसपी शमशेर खान, एवोकेट बार एसोसिएशन के सदस्य फैयाज उल्ला, नवाब हिदायत



सामूहिक निकाह कार्यक्रम में ऊंटड़ा के आसपास के क्षेत्रों के ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

उल्ला, अंजुमन सैयद जादगान के सचिव वाहिद हुसैन अंगारा, हाजी महमूद खान, पीर नफीस मियां चिश्ती, सलावत खां, पार्षद शाकिर, सैयद सलीम चिश्ती, अब्दुल नईम खान, आरिफ हुसैन, सलमान खान, मौलाना इमरान, मंजूर अली, रईस कुरैशी, डॉ अब्दुल मजीद, कयूम खान ने कार्यक्रम की तरीफ करते हुए कहा कि यह समाज में एक

- इदारा दावतुल हक की मुस्लिम समाज में सकारात्मक पहल

सकारात्मक पहल है।

सभी का मानना है कि महंगाई के इस दौर में सामूहिक निकाह के आयोजन होते रहने चाहिए। इस अवसर पर संस्था के प्रमुख मौलाना अयूब कासमी ने बताया कि निकाह के खर्च के लिए किसी भी परिवार से कोई राशि नहीं ली जाती है। संस्था सामूहिक निकाह के साथ साथ शैक्षिक और अन्य सामाजिक गतिविधियां का भी आयोजन समय समय पर करती आ रही है। मुस्लिम बच्चों को शिक्षा देने के लिए संस्था की ओर से शैक्षिक संस्थान भी चलाए जाते हैं। इन संस्थानों में बच्चों को कम्प्यूटर शिक्षा भी दी जाती है। सामूहिक निकाह के प्रोग्राम में ऊंटड़ा के आसपास के क्षेत्रों के ग्रामीण भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।


**कार्यालय नगर परिषद, मकराना नागौर (राज०)**

Email-npmakrana@gmail.com फोनः- 01588-240107, फैक्स 241380

क्रमांक :- नपम/भूमि/2022-23/ 911 **लोक सूचना** दिनांकः- 20.05.2022

निम्न लिखित आवेदको द्वारा इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारो के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है,

| क्र.सं | आवेदक का नाम | जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा सं. | क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री भंवराराम, लिखमाराम, परसाराम, कानाराम, रुधाराम पुत्र श्री अर्जुनराम निवासी टाडियो की ढाणी, जूसरी तहसील मकराना | तहसील मकराना जिला नागौर | जूसरी | 201 | 3270.38 वर्गमीटर |
| 2. | श्री नन्दाराम पुत्र श्री पुसाराम जाति जाट निवासी मिण्डकिया रोड किरडोलिया की ढाणी, जूसरी तहसील मकराना | तहसील मकराना जिला नागौर | जूसरी | 10/2 | 3529.92 वर्गमीटर |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारो के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 29.12.2021 को जारी की गयी।

अधिशाषी अधिकारी, नगर परिषद मकराना